# 10 सेक्टरों में यूपी का नियोजित विकास : योगी

## मुख्यमंत्री ने दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में बताईं प्रदेश की उपलब्धियां

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 9वीं बैठक में एमएसएमई, महिला सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, पीएम गति शक्ति, स्वास्थ्य एवं पोषण पर चरणवार यूपी की उपलब्धियां गिनाईं। सीएम योगी ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 खरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी विभागों को 10 सेक्टरों में वर्गीकृत करते हुए नियोजित प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश फ्रंट रनर कैटेगरी में शामिल हो गया है।



नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में मौजूद सीएम योगी व अन्य। -एजेंसी

### कहा, राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 खरब डॉलर करने का लक्ष्य

विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक प्रदेश की 351 बेस्ट प्रैक्टिसेस वर्तमान में नीति आयोग के नीति फॉर स्टेट्स पोर्टल पर अपलोड हैं। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनवरी, 2025 में प्रयागराज महाकुंभ में आमंत्रित करते हुए कहा कि 12 वर्ष के बाद यह पावन अवसर आता है। राज्य सरकार महाकुंभ-2025 के स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है। सभी तैयारियां पूर्ण होने की ओर हैं।

### उत्तर प्रदेश में अब कानून का राज

सीएम योगी ने कहा कि कानून के राज से देश-विदेश में प्रदेश के बारे में धारणा बदली है। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई। महिला संबंधी अपराधों में संलिप्त अपराधियों को सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश, देश में नंबर एक पर है। वर्तमान में प्रदेश में एक भी ऐसा संगठित अपराधी नहीं है, जो जेल के बाहर हो। प्रदेश सरकार पुलिस बल का लगातार आधुनिकीकरण कर रही है। साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रत्येक जिले में साइबर क्राइम थाना स्थापित किया गया है।

### जीडीपी में हमारा 9.2 प्रतिशत योगदान

सीएम ने कहा कि प्रदेश में 56 लाख से अधिक गरीब आवासहीन परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराया गया है। स्वच्छ भारत मिशन, मिशन शक्ति, स्कूल चलो अभियान, ऑपरेशन कायाकल्प, वृहद वृक्षारोपण जन अभियान, मातृभूमि योजना आदि को लागू किया जा रहा है। आकांक्षात्मक विकास खंड योजना और आकांक्षी नगर निकाय योजना लागू की हैं। आकांक्षात्मक विकास खंडों में मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम में चयनित युवा सीएम फेलो के रूप में कार्य कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय जीडीपी में 9.2 प्रतिशत योगदान के साथ उत्तर प्रदेश, देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। पिछले 7 वर्षों में प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने में सफलता मिली है।